मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–4, अगस्त 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## मुश्किलों को पीछे छोड़, आगे बढ़ने का वक्त



कामधेनु परिवार से जुड़े सभी सदस्यों को मैं आजादी की 66वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं देने के साथ अपनी बात की शुरूआत करना चाहता हूँ। मित्रों अब आत्ममंथन करते हुए आगे की दिशा तय करने का वक्त है।

देश और दुनिया के आर्थिक और सामाजिक हालात इन दिनों कुछ अच्छे नहीं चल रहे हैं। खासकर यूरोपीय देशों के कर्ज संकट ने पूरी दुनिया में आर्थिक विकास की रफ्तार को सुस्त कर दिया है। भारत भी पश्चिमी देशों के संकट से अछूता नहीं रह पाया है। यही वजह है कि पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में भारत की जीडीपी विकास दर महज 5.3% रह गई, जो पिछले नौ सालों में किसी एक तिमाही की सबसे सुस्त विकास दर है।

आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती से बुनियादी ढांचा क्षेत्र में माँग पर भी असर पड़ा है। वहीं दूसरी ओर ब्याज की ऊँची दरों और कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से भी मुश्किलें बढ़ी हैं। लेकिन ये वक्त मुश्किलों से जूझते हुए आगे बढ़ने का है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड मुश्किल समय का मज़बूती से सामना करने में कामयाब रही है। अप्रैल–जून तिमाही में कंपनी का मुनाफा 12% बढ़कर 95 लाख रुपये का हो गया। वहीं कंपनी की आय भी करीब 10% बढ़ी है। कंपनी की पेंट इकाई का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। पिछली तिमाही में कामधेनु पेंट्स का राजस्व 26% बढ़ा है, जो प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए संतोषजनक कहा जा सकता है।

आर्थिक मंदी जैसे हालात से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि हमे यह कोशिश करनी चाहिए कि कारोबार का चक्र चलता रहे। इस दौरान सामान्य परिस्थितियों के मुकाबले कहीं ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, ग्राहकों को अपने उत्पादों के बारे में समझाने में ज्यादा वक्त देना पड़ता है। साथ ही नये उत्पादों पर भी जोर देना पड़ता है।

मैं आप सबको भरोसा दिलाना चाहता हूँ कि मुश्किल से मुश्किल हालात में भी हमारे कदम नही डगमगाए। हम हर हालात का मज़बूती से सामना करने में सक्षम हैं। हमारे पास ऊर्जावान कर्मचारियों की टीम है, जो किसी भी परिस्थिति में सबसे बेहतर काम करने की क्षमता रखती है।

मुझे देशभर में फैले अपने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स पर पूरा भरोसा है कि वे कारोबार को नई ऊंचाई पर ले जाने में पूरा जोर लगा देंगे। स्टील और पेंट दोनों क्षेत्रों को मिला दें तो कामधेनु के पास देश भर में 9500 से ज्यादा डीलर्स हैं। कंपनी अपने डीलर्स को लगातार सहयोग करती आ रही है और आगे भी करती रहेगी।

मुझे पूरा भरोसा है कि कामधेनु परिवार के सभी सदस्यों की मेहनत और लगन के बल पर हम हर मुश्किल का सामना करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में कामयाब रहेंगे।

**सतीश अग्रवाल**
सी. एम. डी.
कामधेनु इस्पात लिमिटेड

# ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



इस बार लंदन ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने लंदन ओलंपिक में 6 पदक जीते जो अब तक किसी भी ओलंपिक से ज्यादा है। भारतीय खिलाड़ियों ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। कई बार ऐसा भी हुआ कि भारतीय खिलाड़ी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गये।

विजय कुमार को निशानेबाजी और सुशील कुमार को कुश्ती में रजत पदक मिला। वहीं मैरीकॉम को बॉक्सिंग, साइना नेहवाल को बैडमिंटन, गगन नारंग को निशानेबाजी और योगेश्वर दत्त को कुश्ती में कांस्य पदक मिला।

सुशील कुमार ने मुकाबलों में जिस तरह शुरूआत की थी उससे उनसे स्वर्ण पदक की उम्मीद बढ़ गई थी। लेकिन आखिरी मुकाबले में तबियत ठीक नही होने से सुशील कुमार गोल्ड मेडल जीतने से चूक गये। सुशील लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

हालाँकि हॉकी, टेनिस, दौड़ जैसे कई खेलों में भारत का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। लेकिन ओलंपिक में खिलाड़ियों के लगातार बढ़िया प्रदर्शन से रियो में होने वाले अगले ओलंपिक में गोल्ड की उम्मीद भी का जा सकती है।

## मंगल पर जीवन की तलाश फिर शुरू



6 अगस्त को अमेरिकी अंतरिक्ष संस्था नासा के मार्स रोवर के मंगल ग्रह की सतह पर उतरने के साथ ही मंगल पर जीवन की तलाश की मुहिम नये सिरे से शुरू हो गई। नवंबर में अपनी यात्रा शुरू करने वाली 'क्युरियोसिटी' ने मंगल पर पहुंचने के लिए 57 करोड़ किलोमीटर की यात्रा की है। पुराने रोवर्स 'स्पिरिट' और 'ऑपरचुनिटी' के मुकाबले यह मार्स रोवर दो गुना लंबा और पांच गुना भारी है।

यह अभी तक मंगल पर भेजे गए सभी यानों में सबसे बड़ा और सबसे आधुनिक है। एक कार के आकार का करीब एक टन भारी यह रोवर एक 'स्काई क्रेन' की मदद से मंगल की सतह पर उतरा।

दो वर्ष से चल रहे इस अनुसंधान कार्य का लक्ष्य यह पता लगाना है कि क्या मंगल पर कभी जीवन धारण करने के लायक परिस्थितियां थीं या फिर भविष्य में वहां कभी ऐसी स्थिति पैदा हो सकेगी।

मार्स रोवर ने मंगल पर उतरने के बाद से ही तस्वीरें भेजनी शुरू कर दी हैं। यह यान मंगल के बारे में समझ को और बढ़ाने के साथ वहां के चट्टानों और मिट्टी का विस्तृत विश्लेषण के लिए नमूनों को पृथ्वी पर वापस लेकर भी आएगा।

## लक्ष्मण ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



वेरी वेरी स्पेशल लक्ष्मण के नाम से मशहूर वी वी एस लक्ष्मण ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 37 साल के लक्ष्मण को न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 अगस्त से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में चुना गया था। लेकिन उन्होंने तत्काल प्रभाव से संन्यास का ऐलान करके अपने प्रशंसकों को चौका दिया।

लक्ष्मण ने कहा "मै युवाओं को मौका देना चाहता हूँ, इसलिए मैने संन्यास का ऐलान किया है। मुझे लगता है कि यह आगे बढ़ने का सही समय है।"

लक्ष्मण को हमेशा ईडन गार्डन्स में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्च 2001 में 281 रन की शानदार पारी के लिए याद किया जाएगा, जिसकी बदौलत भारत ने फॉलोऑन के बावजूद मैच जीत लिया था।

लक्ष्मण ने टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत 1996 में की थी। लक्ष्मण ने भारत की ओर से 134 टेस्ट मैच खेलकर कुल 8,781 रन बनाए हैं। लक्ष्मण ने इस दौरान 17 सेंचुरी और 56 हाफ सेंचुरी बनाए हैं। लक्ष्मण ने 86 वनडे मैच खेले हैं और कुल 2,338 रन बनाए हैं। वनडे मैचों में उन्होंने 6 सेंचुरी लगाई है।




वहीं दूसरी ओर श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कामधेनु पेंट्स की गुणवत्ता के बारे बताया कि कंपनी के जाने माने ब्रैंड कलर ड्रीम्ज के तहत हर वर्ग की जरूरतों के हिसाब से कई शेड्स और रंगों में पेंट पेश किए गये हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी पर्यावरण के अनुकूल पेंट बनाती है और पेंट बनाने में अत्याधुनिक तकनीक और मशीनरी का इस्तेमाल किया जाता है। यही वजह है कि कंपनी के उत्पाद हर तरह से सुरक्षित हैं।

कामधेनु पेंट्स ने डीलर्स मीट में डीलर्स का मनोबल बढ़ाने की कोई कसर नहीं छोड़ी। कंपनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कई डीलरों को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए। बैठक के दौरान डीलर्स ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से विस्तृत बातचीत की। कामधेनु पेंट्स ने सभी डीलर्स की हर तरह से मदद करने का पूरा भरोसा दिलाया। वहीं दूसरी ओर डीलर्स ने भी कामधेनु पेंट्स की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए और ज्यादा मेहनत करने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर इण्डियन ऑइडल प्रतिभागी रूपा बासु एवं मशहूर गायक विनोद राठौर ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया।

# पश्चिम बंगाल के डीलर्स का मनोबल बढ़ा

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई कामधेनु पेंट्स अपने डीलर्स का उत्साह और मनोबल बढ़ाने के लिए लगातार उनसे सीधे संवाद करती रहती है। इसी कड़ी में कंपनी ने 8 अगस्त को कोलकाता में पश्चिम बंगाल के डीलर्स की बैठक आयोजित की।

कोलकाता के हेरिटेज प्लाजा, स्वभूमि, में आयोजित डीलर्स मीट में कामधेनु पेंट्स के डायरेक्टर श्री सचिन अग्रवाल, श्री राजकुमार श्रीवास्तव, मार्केटिंग हेड (ऑल इण्डिया), श्री गौतम चक्रवर्ती, डीजीएम, श्री रंजन रॉय, सीनियर एएसएम, श्री दीपक वर्मा, सीनियर एएसएम, समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इस बैठक में पश्चिम बंगाल के 200 से ज्यादा डीलर्स ने शिरकत की।

श्री सचिन अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल के डीलर्स की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा, "मुझे कामधेनु पेंट्स को देश की 6 सबसे बड़ी पेंट निर्माता कंपनियों में शामिल होता देख अपार प्रसन्नता हो रही है। कंपनी ने यह उपलब्धि अपने चैनल पार्टनर्स के कड़ी मेहनत की बदौलत हासिल की है। कामधेनु पेंट्स पिछले कुछ सालों से बाजार में सफलतापूर्वक मुकाबला कर रहा है। मुझे पूरा भरोसा है कि भविष्य में हम अपनी बाजार हिस्सेदारी को और अधिक करने में कामयाब रहेंगे।"

इस मौके पर श्री सचिन अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल में कामधेनु पेंट्स के दो नये उत्पाद 'शीन एन शाइन' और 'कमोमेटालिका रिप्लिका' पेश करने का भी ऐलान किया। श्री अग्रवाल के मुताबिक ये दोनों उच्च गुणवत्ता के पेंट हैं जो ग्राहकों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरे उतरेंगे।







बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री संजीव सीकरी
न्यु जिन्द, उत्तम नगर
मो. 9212768144

श्री एम सिनप्पा
**मैसर्स प्रगति स्टील**
टी बी डैम रोड, वार्ड 27
होसपेट– 583201
मो. 9448120687

श्री विजय महाजन
**मैसर्स न्यु महाजन आयरन स्टोर**
लक्कड़ मंडी, बाटला
जिला– गुरदासपुर, 143505
फोनः 01871–224295, 241522
9814500853, 9357550532

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Printing Date: 25th August 2012


# कोपरगांव में हुई आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स मीट




बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड दूर–दराज के क्षेत्रों में भी अपने उत्पादों को लोकप्रिय बनाने की कोशिश कर रही है। कंपनी की कोशिश है कि उसके उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाया जाए। इसी कड़ी में कंपनी ने महाराष्ट्र के कोपरगांव क्षेत्र में आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स मीट आयोजित की।

16 अगस्त को होटल स्वास्तिक में आयोजित आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स मीट में कामधेनु के असिस्टेंट जनरल मैनेजर श्री विजय शंकर ने कंपनी के उत्पादों की खूबियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया "कामधेनु के उत्पादों की गुणवत्ता विश्वस्तरीय है। कंपनी अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए हमेशा बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पाद पेश करती है। कंपनी के विकास में आर्किटेक्ट्स, इंजीनियरों, डीलर्स, कर्मचारियों और फ्रैंचाइजी सहयोगियों की अहम भूमिका है। कंपनी को बाजार हिस्सेदारी में और बढ़ोतरी की उम्मीद है।"

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 50 से ज्यादा जाने माने आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स शामिल हुए। साथ ही कामधेनु इस्पात के मार्केटिंग मैनेजर श्री संकल्प सिंह और क्षेत्र मे कामधेनु टीएमटी के अधिकृत डीलर सुंधा स्टील के श्री अशोक भी मौजूद थे। श्री विजय शंकर ने ग्राहकों के बीच उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को बढ़ावा देने में आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स के योगदान की जमकर सराहना की। उन्होंने बताया कि कंपनी अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए कई नए उत्पाद पेश करने जा रही है। साथ ही कंपनी दूरदराज के क्षेत्रों में भी उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स मीट में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में कर्मचारियों के साथ डीलर्स की कड़ी मेहनत की सराहना की। श्री विजय शंकर के मुताबिक कंपनी डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास करती है। कामधेनु बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को समय–समय पर पुरस्कृत करती रहती है। पिछले दिनों कंपनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को दुबई की सैर भी कराई थी।

कार्यक्रम में मौजूद सभी आर्किटेक्ट और इंजीनियर्स कामधेनु के उत्पादों से खासे प्रभावित नजर आए। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे निर्माण में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिया। वहीं दूसरी ओर कंपनी के डीलर्स ने कोपरगांव और आस–पास के क्षेत्रों में कामधेनु के उत्पादों की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए पूरी कोशिश करने का भरोसा दिलाया। कामधेनु के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भरोसा दिलाया कि कंपनी डीलर्स को प्रोत्साहित करने की हर संभव कोशिश करेगी।






Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com